## सार-समाचार

### एसआईआर कार्य के अंतिम चरण में सतत जागरूक रहें कार्यकर्ता : मंत्री काश्यप



**रतलाम।** एसआईआर कार्य का अंतिम दौर शुरू हो चुका है। भाजपा कार्यकर्ता इसमें सतत जागरूक रहे और दावे-आपत्ति के साथ फार्म 6, 7, 8 की प्रक्रिया गंभीरता से पूर्ण कराए। कोई भी पात्र मतदाता एसआईआर की प्रक्रिया से अछूता न रहे। यह बात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने रतलाम शहर विधानसभा में अब तक हुए एसआईआर कार्य की जानकारी लेते हुए कही। उन्होने रतलाम शहर के पांचों मंडलों की जानकारी प्राप्त की और अब तक हुए कार्य पर संतोष जताया। बैठक में एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा ने अंतिम दौर में होने वाली प्रकिया की जानकारी दी। विधानसभा संयोजक जयंवत कोठारी ने शहर विधानसभा क्षेत्र में अब तक किए गए कार्य की जानकारी दी। बैठक के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, नंदकिशोर पंवार, सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, मंडल महामंत्री हेमंत राहोरी, सुबेंद्र गुर्जर, विवेक शर्मा, संदीप मौर्य, आकाश खड़के, भावना गुर्जर, आयुषी सांखला, शुभम चौहान, निखिल बोरीवाल आदि उपस्थित रहे।

### जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों की पहचान का अभियान जारी



**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रामनिवास बुधोलिया के मार्गदर्शन में जिले की सभी आँगनबाड़ी में कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु विशेष अभियान 12 से 21 जनवरी तक चलाया जा रहा है। इसके लिए जिले की सभी 10 परियोजनाओं और 67 सेक्टर में नोडल अधिकारीयो की नियुक्ति की गई हैं। जो जिले की समस्त 2131 आंगनवाड़ी केन्द्रो में इस अभियान की सतत निगरानी करेंगे। प्रतिदिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों का वजन लेने के निर्देश दिए गए है। 18 जनवरी तक जिले में आँगनबाड़ी में दर्ज 132807 बच्चों में से 77568 बच्चों का वजन लिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य आंगनवाड़ी केन्द्रो पर बच्चों का सही वजन लेकर समस्त कुपोषित बच्चों की पहचान करना है ताकि समय रहते उनके स्वास्थ्य स्तर में आवश्यक सुधार किया जा सके।

### कलेक्टर मिशा सिंह ने अधिक समय से लंबित 15 आवेदनों पर संबंधित विभाग प्रमुख की उपस्थिति में की सुनवाई



**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा जनसुनवाई के ऐसे आवेदन जो अधिक समय से लंबित है, पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर कक्ष में संबंधित आवेदनकर्ता एवं संबंधित विभाग प्रमुख की उपस्थिति में समस्या को सुना तथा आवेदको एवं विभाग प्रमुखों से समक्ष मे चर्चा कर आवेदनों का निराकरण किया गया। 15 लंबित आवेदनों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान 9 आवेदनों का मौके पर ही समधान किया गया एवं शेष आवेदनों का निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को सात दिवस की समयसीमा दी गई।

### जनसुनवाई में 98 आवेदन पर हुई सुनवाई

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर मिशा सिंह ने कलेक्टर कक्ष में अधिक समय से लंबित आवेदनो पर सुनवाई की एवं कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 98 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदिका कंचन बाई पति कनीराम निवासी रोला तहसील जावरा ने पंचायत द्वारा दिये गये आवासीय पट्टे पर प्रतिप्रार्थी द्वारा अवैध रूप से कब्जे करने के संबंध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु तहसीलदार जावरा को निर्देशित किया गया। आवेदिका गुड्डी पति राम भरोसे निवासी डोसीगांव ने बताया कि उनके और पति के द्वारा मल्टी ली गई थी और दोनों का बीमा भी करवाया था। पति की मृत्यु के पश्चात मल्टी की शेष राशि माफ हो जानी थी। आवेदिका ने मल्टी की शेष राशि माफ करवाने हेतु आवेदन दिया । कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। आवेदक मोहन निवासी ग्राम बडावदा ने नव निर्मित कुए के बारिश के कारण गिरने पर नुकसान के मुआवजे के संबंध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु एसडीएम जावरा को निर्देशित किया गया है। आवेदक अशोकदास निवासी कल्याण नगर रतलाम ने कैंसर पीड़ित पत्नी के ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने के संबंध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु नगर निगम रतलाम को निर्देशित किया गया। आवेदिका आईशा कुरैशी पिता अब्दुल लतीफ निवासी लोहा बिल्डिंग रतलाम ने प्रतिपार्थी किराएदार द्वारा आवेदिका के मकान का किराया नहीं देने तथा आवेदिका के मकान को रिक्त नहीं करने, लड़ाई झगड़ा करने के संबंध में आवेदन दिया। कार्रवाई हेतु एसडीएम रतलाम शहर को निर्देशित किया गया।

# आधी रात को स्थापित की टंट्या मामा की प्रतिमा : सैलाना विधायक डोडियार का आरोप- एसडीएम ने प्रस्ताव ठुकराया, पुलिस धमका रही थी

**रतलाम।** जिले के सैलाना विधानसभा क्षेत्र के राजापुरा गांव में विधायक कमलेश्वर डोडियार और उनके समर्थकों ने सोमवार आधी रात को टंट्या मामा भील की प्रतिमा स्थापित कर दी। विधायक का आरोप है कि एसडीएम ने ग्राम सभा के प्रस्ताव को अवैध बताकर खारिज कर दिया था।



इसके विरोध में विधायक खुद राजस्थान से मूर्ति लेकर आए और रात 2.30 बजे अपने समर्थकों के साथ मिलकर इसे स्थापित कर दिया। विधायक ने कहा कि पैसा (क्कश्वस्न) एक्ट 2022 के तहत यह हमारा अधिकार है। सैलाना विधानसभा के बाजना अंचल स्थित राजपुरा माताजी गांव में 12 जनवरी 2026 को ग्राम सभा ने टंट्या मामा की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया था। सोमवार को ग्रामीण यह प्रस्ताव और अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOcÅ) लेकर एसडीएम तरुण जैन को सूचना देने पहुंचे। आरोप है कि एसडीएम ने पैसा नियम 2022 के विरुद्ध बताते हुए ग्राम सभा की कार्यवाही को अवैध करार दिया और पुरातत्व विभाग आदि से एनओसी लेने का सुझाव दिया।

#### राजस्थान से लाए मूर्ति, रात में ही लगा दी

एसडीएम के रवैये की जानकारी ग्रामीणों ने विधायक कमलेश्वर डोडियार को दी। इसके बाद विधायक खुद ग्रामीणों के साथ राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के तलवाड़ा पहुंचे। वहां से टंट्या मामा की प्रतिमा लेकर वे राजापुरा गांव आए और सोमवार देर रात करीब 2:30 बजे प्रतिमा स्थापित कर दी।

#### विधायक बोले- पुलिस धमका रही थी

आधी रात को प्रतिमा स्थापित करने के सवाल पर विधायक डोडियार ने कहा, 'ग्रामीणों को लगातार पुलिस द्वारा धमकाया जा रहा था। चूंकि मैं तो विधायक हूं, लेकिन ग्रामवासियों में डर था। इसलिए मैंने साथ मौजूद रहकर प्रतिमा स्थापित कराई है।' उन्होंने कहा कि वे अनुसूचित क्षेत्र में पैसा नियम का एक-एक अक्षर लागू करेंगे और क्षेत्रवासियों को कानूनी रूप से जागरूक करेंगे ताकि राजनीति से प्रेरित कर्मचारियों के हस्तक्षेप को मिटाया जा सके।

#### 25 जनवरी को होगा अनावरण

विधायक ने बताया कि 25 जनवरी को प्रतिमा अनावरण और जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से इसमें शामिल होने की अपील की है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शरद डोडियार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कविता भगोरा, आदिवासी छात्र संगठन के पूर्व अध्यक्ष ध्यानवीर डामोर, जयस भील एकता मिशन के प्रदेश सचिव मांगू सिंह सिंगाड सहित कई लोग मौजूद रहे।

#### एसडीएम बोले- नियम बताए थे

इस मामले में सैलाना एसडीएम तरुण जैन ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य शरद डोडियार आए थे। उन्हें मूर्ति स्थापित करने के लिए नजूल निर्वतन नियम से अवगत कराया गया है।

## बसंत पंचमी को खाटू श्याम मंदिर पर रहेगी बागा वितरण की धूम

### आरती के बाद भक्तों को बंटेगा बागा

**रतलाम।** स्थानीय सखवाल नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पर आगामी 23 जनवरी को बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन यहां बाबा श्याम के बसंती धागा वितरण की धूम रहेगी। बसंती धागा वितरण सुबह 9 बजे आरती के बाद प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।



खाटू श्याम मंदिर के पुजारी ने बताया कि बसंत पंचमी के पावन अवसर पर खाटू श्याम बाबा को सुबह मंगल स्नान कराया जाकर बाबा श्याम का केसरिया रंग का अंतर वस्त्र 'बागा' बदला जाएगा। भगवान खाटू श्याम के बसंती बागा (केसरिया रंग के अंतर वस्त्र) बदले जाकर बाबा को नये वस्त्र धारण कराए जाएंगे। इस बागा के ऊपर बाबा का मनोहारी औलौकिक श्रंगार होगा। इसके पश्चात खाटू श्याम रतलाम नरेश की आरती होगी। आरती के बाद श्याम भक्तों को बाबा की प्रसाद के रूप में बागा प्रदान करने के लिए विशेष आयोजन होगा। मंदिर समिति के व्यवस्थापकों ने धर्मालुजनों से अपील की है कि बाबा का बागा ग्रहण करने के लिए अधिकाधिक संख्या में आरती में भाग लेकर धर्मलाभ लें। साथ ही अपील की गई हैं कि अगर बाबा श्याम का बसंती बागा एक से अधिक बार अगर मिलता तो यह बागा जिसे नहीं मिला उसे जरूरी रूप से दिया जाए। खासतौर पर अगर कोई परेशान या दुखियारा श्याम प्रेमी है तो सबसे पहले उसे जरूर यह बागा दें।

बताते हैं कि बसंत पंचमी का जितना महत्व देवी सरस्वती के साधक के लिए है उतना ही महत्व बाबा श्याम के भक्तों के लिए भी हैं। बसंत पंचमी के दिन बाबा के केसरिया रंग के अंतर वस्त्र बागा को बदला जाता है जिसे बाबा 365 दिन पहने रहते हैं। यह वस्त्र साल में केवल एक ही बार बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बदला जाता है। इस वस्त्र का दर्शन साल भर भक्तों को नहीं होता है। बाबा के केसरिया रंग के अंतर वस्त्र को किसी भी कैंची से काटा नहीं जाता है बल्कि इसको हाथ से खींचकर ही टुकड़े किए जाते है। बाबा श्याम का यह बागा श्याम प्रेमियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसमें कितनी शक्ति है यह कई लोग नहीं जानते हैं। मान्यता है कि जितनी आशा एवं विश्वास के बाबा के बागा को आप अपने पास रखेंगे उतना ही बाबा श्याम को सदैव अपने पास पाओगे।

## जिला आपदा प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का कार्यशाला आयोजित

**रतलाम।** जिला आपदा प्राधिकरण रतलाम द्वारा जिला दंडाधिकारी श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक रूप से होने वाली आपदा संबंधी घटनाओं से बचाव हेतु अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव के नेतृत्व में संकट मोचन बल सेफ्टी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा आज 20 जनवरी को होटल समता सागर में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संकट मोचन बल सेफ्टी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मुंबई, महाराष्ट्र से आए हुए प्रशिक्षक, एसडी फनसालकर इंडियन नेवी, इमरान अहमद इंडियन नेवी, मैनेजर मनीष झा, ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर इच्छांशु वाजपेयी के द्वारा अग्नि बचाव एवं राहत तकनीक की जानकारी कार्यशाला में दी गई । एसडीआरएफ ,होमगार्ड ,सिविल डिफेंस वालंटियर, नगर निगम अग्नि शमन दल के सदस्यों को आगजनी के प्रकार एवं बचाव से संबंधित सभी उपकरणों की हैंडलिंग व तकनीक की जानकारी दी गई। विभिन्न आपदाओं से राहत एवं बचाव का प्रशिक्षण 20 जनवरी से 02 फरवरी तक दिया जाएगा। जिसमें जिले की विभिन्न तहसीलो एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव, जिला डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड आपदा प्रबंधन श्रीमती रोशनी बिलवाल, प्लाटून कमांडर श्रीमती ज्योति बघेल एवं सिविल डिफेंस के 10 जवान एसडीआरएफ के 10 जवान, होमगार्ड विभाग के 6 जवान सिविल डिफेंस के 10 जवान, नगर निगम के 8 कर्मचारी उपस्थित थे।

### ब्रह्मा कुमारीज दिव्य दर्शन भवन में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन कल

**रतलाम।** ब्रह्मा कुमारीज के दिव्य दर्शन भवन डोंगरे नगर सेवाकेंद्र में कल 'संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर वृद्धजनों के सम्मान हेतु एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं उनके अनुभवों के महत्व को उजागर करना रहा। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी द्वारा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग़ (क्रश्वक्रस्न)के मध्य हुए समझौता ज्ञापन रूश के अंतर्गत एक राष्ट्रव्यापी अभियान के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में माउंट आबू से समाज सेवा प्रभाग के मुख्यालय संयोजक राजयोगी ब्रह्माकुमार वीरेंद्र भाई पधार रहे हैं ,आपका जीवन को केवल आत्म-कल्याण तक सीमित न रखकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और मानवीय करुणा का प्रकाश पहुँचाने का संकल्प लिया है। राजयोग के गहन अभ्यास द्वारा स्वयं को सशक्त करते हुए, वे युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न संस्थाओं को मूल्यनिष्ठ, तनावमुक्त और उद्देश्यपूर्ण जीवन की दिशा प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण गरिमा और खुशहाली को बढ़ावा देना, बुजुर्गों को मनोवैज्ञानिक भावनात्मक और आध्यात्मिक सहयोग प्रदान करना ,राजयोग मेडिटेशन सकारात्मक सोच और तनाव प्रबंधन जैसे व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध कराना, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच पीढ़ीगत संबंधों को प्रोत्साहित करना तथा सरकार के गरिमा के साथ उम्र बढ़ाएं सम्मान से जीने की दृष्टि को सशक्त बनाना है कार्यक्रम के पश्चात ब्रह्मा भोजन का भी आयोजन रहेगा अतः आप सभी से विनम्र अनुरोध कि कार्यक्रम में आप सभी आवश्यक पधारे।

## कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर, ग्राम पंचायतों में किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 11 जनवरी से 11 फरवरी तक जिले मे कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे उद्यानिकी, पशुपालन, आत्मा, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिकी तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों को दी जा रही। विकासखण्ड



आलोट के ग्राम पंचायत सेमलिया, बामनखेडी, पीपलखेडी, बरखेडा खुर्द, विकासखण्ड पिपलोदा के हरियाखेडा, बाराखैडा, अयाना, विकासखण्ड सैलाना के पाटडी, चंदेरा तथा विकासखण्ड बाजना के मानपुरा, झोली चंद्रगढ, रायपाडा विकास खण्ड जावरा के बडावदा, बडावदी, ललियाना मे कृषि रथ द्वारा भ्रमण किया गया । ग्राम पंचायत राजापुरा माताजी में कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, पराली न जलाने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड,एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देना, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, के संबंध में कृषकों को कृषक चौपाल में जानकारी दी गई। 21 जनवरी को विकासखण्ड कुण्डल में रथ भ्रमण करेगा। किसान भाई इन पंचायतों में सम्मिलित होकर उक्त योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## नगर एवं नागरिकों के हित के प्रस्तावों को महापौर परिषद ने दी स्वीकृति

#### महापौर परिषद की बैठक संपन्न

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मटन की दुकानों को शहर से बाहर एक ही स्थान पर स्थापित करने, अवैध नल कनेक्शनों पर कार्यवाही किये जाने आदि प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की। प्रधानमंत्री आवास योजना अर्न्तगत मुखर्जी नगर में निर्मित 94 एमआईजी, डोसीगांव में डीपीआर 1 में निर्मित 95 तथा डोसीगांव में डीपीआर 2 में निर्मित 141 एलआईजी फ्लेट विक्रय हेतु 6-6 बार निविदा आमंत्रित किये जाने के उपरांत भी फ्लेट विक्रय नहीं होने पर अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत किराये पर दिये जाने व निविदा आमंत्रित किये जाने की महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान की। जिसके तहत एमआईजी फ्लेट हेतु प्रतिमाह 10000/- किराया व 18 प्रतिशत जीएसटी तथा एलआईजी फ्लेट हेतु प्रतिमाह 8000/- किराया व 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अर्न्तगत डीपीआर-3 बंजली निर्मित एलआईजी फ्लेट का प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर 9 आवेदकों को एलआईजी फ्लेट का अस्थाई आवंटन किये जाने के



प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। अवैध नल कनेक्शनों पर कार्यवाही किये जाने के तहत एक माह की समयावधि में अवैध नल कनेक्शनधारी व्यक्ति अपना नल कनेक्शन को अनिवार्य रूप से निर्धारित राशि रूपये 3,500/- जमा कर अवैध नल कनेक्शन को वैध करायें समयावधि पश्चात् अवैध नल कनेक्शनधारी से राशि रूपये 10,000/- के पेनल्टी व राशि रूपये 3,500/- वसूल किया जाकर अवैध नल कनेक्शन को वैध किये जाने के प्रस्ताव को महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत शहर में संचालित मटन/मछली की दुकानों को शहर के एक ही स्थान पर स्थानांतरित किये जाने की स्वीकति महापौर परिषद ने दी। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्टैण्ड पर ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा एवं मैजिक वाहनों प्रति ट्रीप 5/- रूपये वाहन शुल्क लिये जाने की भी स्वीकृति प्रदान की गई। आयोजित बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल के अलावा महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामुभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, निगम आयुक्त अनिल भाना, उपायुक्त करूणेष दण्डोतिया, सहायक यंत्री सुहास पंडित, स्वच्छता अधिकारी राजेन्द्रसिंह पवांर, उपयंत्री राजेष पाटीदार, ब्रजेष कुषवाह, निगम सचिव राजेन्द्र शर्मा के अलावा राजेन्द्र पुरोहित आदि उपस्थित थे।